प्रेषिका,

श्वेता वर्मा
अपर प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय, न्याय कक्ष संख्या-3,
बुलन्दशहर

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद

द्वारा,

प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायालय, बुलन्दशहर

<u>विषय- चल एवं अचल सम्पत्ति के विवरण के प्रस्तुतिकरण के सम्बन्ध में</u>

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि मेरे न्यायिक सेवा मे दिनांक 17.06.2006 को आने के पश्चात्, मेरे द्वारा अपनी चल-अचल सम्पत्ति का वर्ष 2006 से वर्ष 2017 तक का विवरण मार्च, 2018 में माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है। वर्ष 2018 में मेरा स्थानांतरण जनपद इलाहाबाद से जनपद मुरादाबाद हुआ व माह जुलाई, वर्ष 2019 में प्रोन्नति पर मेरा स्थानांतरण जनपद मुरादाबाद से जनपद बुलन्दशहर हुआ। जिस दौरान मैं कुछ पारिवारिक कारणों व माता की अस्वस्थता के कारण वर्ष 2017-2018 व वर्ष 2018-2019 का चल-अचल सम्पत्ति का विवरण प्रेषित नहीं कर सकी। वर्ष 2020 में वैश्विक महामारी के कोरोना के चलते सामान्य जन-जीवन व कार्य प्रभावित रहे। माह अप्रैल, वर्ष 2021 में मैं स्वयं कोरोना से पीड़ित हुई, जिसमें मुझे तीव्र संक्रमण (Acute Infection) हुआ व मेरे फेफड़े भी संक्रमित हुए, जिसका इलाज चला, अपनी अस्वस्थता के चलते माह अगस्त व सितम्बर 2021 में मैं उपार्जित अवकाश पर भी रही। तत्पश्चात् स्वयं की शारिरिक अस्वस्थता के चलते दिसम्बर 2021 में मेरी Cholecystectomy सर्जरी हुई, जिससे रिकवरी में मुझे समय लगा। रिकवरी के पश्चात् माननीय न्यायालय के समक्ष अपनी चल-अचल सम्पत्ति का सही विवरण भेजने हेतु मेरे द्वारा मेरी पूर्व नियुक्ति के जनपदो से बैंक विवरण प्राप्त किया गया, व उक्त विवरण प्राप्त होने के पश्चात् माननीय न्यायालय के समक्ष मेरे द्वारा वर्ष, 2016-2017, 2017-2018, 2018-2019, 2019-2020 ~~व 2020-2021~~ का अपनी चल-अचल सम्पत्ति का विवरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। उपरोक्त कारणवश व मेरी अस्वस्थता के चलते, उक्त विवरण की प्रस्तुति समय से नहीं की जा सकी, जिसके लिए प्रार्थी क्षमाप्रार्थी है तथा अत्यधिक खेद प्रकट करती है। अतः आदरणीय श्रीमान् जी से विनम्र निवेदन है कि चल-अचल सम्पत्ति के विवरण की प्रस्तुति मे हुए विलम्ब को क्षमा करते हुए, उक्त विवरण को स्वीकार करने की कृपा करें।

प्रार्थिनी श्रीमान् जी की सदैव आभारी रहेगी।

भवदीया
25/03/2022

(श्वेता वर्मा)
(Ms. Sweta Verma)
अपर प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायालय, न्याय कक्ष संख्या-3
बुलन्दशहर
I.D- 6428

Forwarded
BULANDSHAHR JUDGESHIP
No. 22 Dated 25/3/22

Principal Judge
Family Court, Bulandshahr
25/3/22

संलग्नक- यथा उपरिवत्